अशोक नगर
नवभारत भोपाल, सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025



# पूरे विश्व में सिर्फ 6 हजार बुनकरों के पास है हस्तकला का हुनर : सिंधिया

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया हैंडलूम पार्क का दौरा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को जिले के चंदेरी में इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन स्कीम प्रोजेक्ट, हैंडलूम पार्क का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर, एसपी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं परियोजना निदेशकों के साथ बैठक ली। उन्होंने वोकल फॉर लोकल के मंत्र की सजीव मिसाल माने जाने वाले इस केंद्र की विस्तृत समीक्षा की और बुनकरों को सीधे लाभ सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं परियोजना हितधारकों को निर्देश दिए।



### मेरा हर बुनकर सोने के समान है और इनकी सुरक्षा व समृद्धि मेरी जिम्मेदारी :

केन्द्रीय मंत्री ज्योरतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मेरा हर बुनकर सोने के समान है। आप लोग इस देश के खज़ाना हैं, और आपकी सुरक्षा व समृद्धि मेरी जिम्मेदारी है।

### बुनकरों की आय बढ़े और उन्हें मिले हैंडलूम पार्क का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष मिले लाभ

केन्द्रीय मंत्री ने चंदेरी की इस जीवंत परंपरा से जुड़े 6,000 बुनकरों तथा हैंडलूम पार्क में कार्यरत सभी 240 सक्रिय करघों के संचालन की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। सिंधिया ने प्रशासन एवं परियोजना प्रमुख को सख्त निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय से कार्य करते हुए बुनकरी उद्योग के पुनरोद्धार हेतु एक ठोस कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस योजना में बुनकरों की आय, उत्पादन, तथा हैंडलूम पार्क के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों का विस्तृत मूल्यांकन शामिल होना चाहिए, ताकि योजना की सफलता को धरातल पर मापा जा सके। वहीं बुनकरों से संवाद के दौरान सिंधिया ने कहा कि पूरे विश्व में सिर्फ यही 6 हजार बुनकर हैं जिनके पास यह हस्तकला का हुनर है। इन हाथों से बनने वाला हर उत्पाद प्रीमियम उत्पाद है। पूरा विश्व मशीनों की ओर भाग रहा है लेकिन आप सभी हाथों से इन कपड़ों का उत्पादन कर रहे हैं। जो डिजायन और गुणवत्ता आप लोग बना रहे हैं, वो पूरे विश्व में कही नहीं है इसलिए इसकी मांग बढ़ना और आपका मुनाफा बढ़ना तय है। वहीं उन्होंने मानवीय सुविधाओं और तकनीक के उन्नयन की बात कहीं। इस दौरान चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# नेशनल हाईवे पर डंपर की चपेट में आने से युवक की मौत

**घटना के बाद आक्रोशित किसानों ने लगाया जाम**

**कहा संकेतक न होने से बढ़ रहे हादसे**

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** नेशनल हाईवे 346 पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चंदेरी की दिशा से आ रहे कंपनी के नए डंपर जब चिनकुपुर गांव के पास से गुजर रहे थे तभी गांव निवासी देवी सिंह पुत्र रामचरण बागड़ी उम्र 30 वर्ष सुबह नित्य क्रिया के लिए जा रहे थे। इसी दौरान वह डंफर की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि शव क्षत-विक्षत हो गया। घटना के बाद शव को उठाने के लिए कोई आगे नहीं आया जिससे मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। लोगों ने घटनास्थल पर सांकेतिक बोर्ड लगाने और हादसे रोकने के उपायों की मांग करते हुए सड़क पर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही तहसीलदार सोनम शर्मा मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों को समझाइस देकर जाम खुलवाया। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर वाहनों की तेज रफ्तार और संकेतक बोर्डों की कमी के कारण अक्सर हादसे होते हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

# खाद की किल्लत को लेकर केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने रविवार को चन्देरी स्थित किला कोठी पर केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले में खाद की भारी किल्लत, अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे तथा पराली प्रबंधन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की गई। मोर्चा ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि जिले में इन दिनों खाद की उपलब्धता गंभीर समस्या बनी हुई है। कई केंद्रों पर किसान निर्धारित दरों पर खाद न मिलने से परेशान हैं और कालाबाज़ारी के कारण उन्हें ऊंचे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके चलते बुवाई एवं आगामी फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा के संरक्षक जसदेव सिंह ने बताया कि खाद संकट से किसान बेहद परेशान हैं। सरकार को चाहिए कि वितरण प्रणाली की सघन निगरानी करे ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके। साथ ही अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और पराली प्रबंधन के लिए वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराए जाएँ। मोर्चा ने ज्ञापन में यह भी कहा कि हाल ही में हुई अतिवृष्टि से जिले के कई क्षेत्रों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसान आर्थिक संकट में हैं। वहीं शासन द्वारा बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के पराली जलाने पर रोक लगाए जाने से किसानों को अगली फसल की तैयारी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि जिले में खाद वितरण की सघन निगरानी की जाए, कालाबाज़ारी करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो, अतिवृष्टि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए और पराली प्रबंधन के लिए हर ग्राम पंचायत में बैलर व मल्चर मशीन की व्यवस्था की जाए। साथ ही बैलर से तैयार फसल अवशेष के गट्ठों के बेचने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान पराली जलाने के बजाय उसे आर्थिक संसाधन बना सकें। संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि किसान वर्ग पहले से ही आर्थिक तंगी झेल रहा है, ऐसे में यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। इस दौरान जसपाल सिंह, सतेंद्र सिंह धाकड़, धर्मपाल सिंह, तस्वीर सिंह संधू, राजिद अहमद आदि मौजूद थे।

**पथ संचलन** | **राष्ट्र का उत्थान हो, विश्व का कल्याण हो यही भारत देश की विशेषता**

# संघ का इतिहास सेवा और समर्पण से भरा : मुनिश्री

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** राष्ट्र का उत्थान हो, विश्व का कल्याण हो यही है भारत की विशेषता, इसलिए तो भारत महान कहा जाता है, सारे दुनिया के देश अपने उत्थान के साथ दूसरे के उत्थान को दूर रहते हैं भारतीय संस्कृति में संतों से जब पूछा गया कि हम किसे अपना कहे तो हमारे रिषि मनीषियों ने कहा वसुदेव कुटुम्बकम हमारे लिए विश्व परिवार की तरह है महावीर ने एक संकल्प दिया था, हमें किसी का विनाश नहीं करना है संकल्प हिंसा का त्याग कराया, हर व्यक्ति को अपने जीवन में हर दिन अपने आप को पांच मिनट का समय देना चाहिए, सबसे पहले अपने एकाकी शक्ति को पहचानें मेरे साथ परमात्मा भी नहीं है माता-पिता भाई बंधू देश समाज कोई नही, तब विचार कर की मुझे कुछ नहीं चाहिए में देश के लिए समाज के लिए घर परिवार के लिए क्या कर सकता हूं कमजोर लोगों से संगठन नहीं चलता बल जोर लोगों से संगठन चलता है। बजरंग बली की तरह हम भी भगवान की सेवा करेंगे, हम भगवान की रक्षा के लिए मर भी जाए तो शहीद माने जायेंगे में





इतना समर्थ हूं कि राष्ट्र की रक्षा कर सकता हूं समाज की परिवार की रक्षा कर सकता हूं, दुनिया में सहयोग देने के लिए चल पड़े उसका नाम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है चलो हम दो जन मिलकर तीसरे का सहयोग करें तीन मिलकर चोथे पांचवें इस तरह सेवा का क्षेत्र बड़ता चल गया, हम राष्ट्र के नाम पर एक हो सकते हैं उक्त बाते सुभाषगंज मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहीं। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का इतिहास सेवा और समर्पण से भरा हुआ है। बौद्धिक के बाद स्वयसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया, जो सुभाषगंज से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए सपंन्न हुआ।

### आचार्य भगवंत ने जो सन्देश दिया है वह हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है

राष्ट्रीय स्वयंसेवक विद्या भारती प्रातं जागरण प्रमुख शिरोमणि दुवे ने कहा कि 0 पूज्य आचार्य श्री का आशीर्वाद मिला, उन्होंने कहा कि हम शिक्षा की पवित्रता को आगे बढ़ाना है जो बहुत ही गहरे सन्देश दिया है। हम इन्हें शीर्ष तक पहुंचायेंगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सौ वर्ष का हो गया, हमारा देश उत्सवों पर्वो का देश है जहां हर कार्य से लोग प्रेरणा लेते हैं। भगवान श्री राम भगवान महावीर हमारे आराध्य हैं हमारे मार्गदर्शक हैं त्रेता युग में श्री राम ने सोने की लंका को मिट्टी में मिलाकर हमारी संस्कृति सभ्यता को एक नई दिशा दी।


इन्वेस्ट मध्यप्रदेश अनंत संभावनाएं
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
MSME GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH

समर्थ एमएसएमई
विकसित मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

MSME
निवेश प्रोत्साहन एवं संवर्धन 2025



मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

13 अक्टूबर, 2025
अपराह्न 2:00 बजे
होटल ताज लेकफ्रंट भोपाल

प्रदेश सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र को प्रोत्साहन देकर अधिक से अधिक युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ रही है।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D11122/25

प्रमुख आकर्षण

प्रोत्साहन राशि
700 इकाइयों को ₹200 करोड़ से अधिक अनुदान

भू-खण्ड आवंटन
200 से अधिक भूखण्ड

स्टार्ट-अप्स को सहायता
80 से अधिक स्टार्ट-अप्स को ₹1 करोड़ से अधिक

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना
हितग्राहियों को ऋण

परिचर्चा
- स्वदेशी एवं स्वावलंबन

विषयगत सत्र
- स्टार्ट-अप्स
- निर्यात प्रोत्साहन

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025